जल - पानी, नीर, उदक, सलिल, अम्बु, तोय, वारि ।

जलद - मेघ, बादल, वारिद, जलधर ।

(ट-ढ)

टेढ़ा - बक्र, बंक, कुटिल ।

ठग - धोखेबाज, वंचक, छली, छद्मी ।

डगर - राह, बाट, मार्ग, रास्ता, पंथ, ।

.

डर - भय, दहशत, भीति, आतंक, त्रास डाकू दस्यु, डकैत, राहजन, लुटेरा

ढंग - विधि, रीति, पद्धति, प्रणाली ।

(त-न)

तट - किनारा' ।

तड़ाग - तालाब, सरोवर, सर, ताल, जलाशय ।

तन - काया, देह, शरीर, जिस्म ।

तलवार - कृपाण, खड्ग, असि, खंजर, करवाल, सिरोही ।

तारा - नक्षत्र, सितारा, तारिका, उडु, तारक ।

तारीख - तिथि, दिनांक, मिती ।

तालाब - तड़ाग' ।

1. शेर के समान बलवान (आदमी)।

2. जोर-जोर से चिल्लाने वाले (तुम)।

3. सुन्दर और स्वच्छ लेख लिखने वाला (छात्र)।

5. क्रिया-विशेषण पदबन्ध- वह वाक्यांश या पद समूह जो क्रिया - विशेषण का कार्य करें उसे क्रिया-विशेषण पदबन्ध कहते हैं। जैसे-

1. घर से लौटकर जाऊंगा।

2. पहले से बहुत धीरे चलने लगा।

3. जमीन पर लोटते हुए बोला।

इन वाक्यों में सभी पदबन्ध क्रिया की विशेषता बता रहे हैं।

6. सम्बन्ध बोधक पदबन्ध - जो शब्द वाक्य में दो पदबन्धों के बीच सम्बन्ध स्थापित करावे, उन शब्दों को सम्बन्ध बोधक पदबन्ध कहेंगे। जैसे- बदले, वासो, पलटे, समान, योग्य, सरीखा, ऊपर, भीतर, पीछे से, बाहर की ओर आदि 'शब्द' वाक्य में सम्बन्ध बोधक पदबन्ध कहे जाते हैं। (1) राम की ओर (2) छत के ऊपर (3) कृष्ण के समान आदि।

7. समुच्चयबोध पदबन्ध - जो 'शब्द, वाक्यांश' एक पदबन्ध को दूसरे वाक्य / वाक्यांश से मिलाते हैं उन्हें समुच्चय बोधक पदबन्ध कहेंगे। जैसे-

1. राम और श्याम विद्यालय जाते हैं।

2. तुम आओगे अथवा श्याम आएगा।

3. यद्यपि यह काम कठिन है तथापि तुम इसे कर सकते हो।

8. विस्मयादि बोधक पदबन्ध - किसी वाक्य में हर्ष, शोक, विस्मय, लज्य, ग्लानि आदि मनोभावों को व्यक्त करने वाले शब्द 'विस्मयादिबोधक पदबन्ध' कहलाते हैं। जैसे -

1. अहा! आज तो मिठाईयाँ बन रही हैं।

2. हाँ! मैं भी तो सही कहता हूँ।

4. ऐ! तुम फर्स्ट आ गए।

अध्याय - 22

वाक्य-शुद्धि

अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करना

शब्द शुद्धि के साथ वाक्य शुद्धि का भी भाषा में महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। वाक्य में अनावश्यक शब्द प्रयोग से, अनुपयुक्त शब्द के प्रयुक्त होने से, सही क्रम या अन्विति न होने से, लिंग, वचन, कारक का सही प्रयोग नहीं होने से, सही सर्वनाम एवं क्रिया का प्रयोग न होने से वाक्य अशुद्ध हो जाता है। जो अर्थ के साथ भाषा सौन्दर्य को हानि पहुंचाता है।

1. अनावश्यक शब्द के कारण वाक्य अशुद्धि :

समान अर्थ वाले दो शब्दों या विपरीत अर्थ वाले शब्दों के एक साथ प्रयोग होने तथा एक ही शब्द की पुनरावृत्ति पर वाक्य अशुद्ध हो जाता है। अतः किसी एक अनावश्यक शब्द को हटाकर वाक्य शुद्ध बनाया जा सकता है। इनमें दोनों शब्दों में से किसी एक को हटाना होता है। अतः दोनों रूपों में वाक्य सही हो सकता है। यहाँ एक रूप ही देंगे।

अशुद्ध वाक्य		शुद्ध वाक्य
1. मैं प्रातः काल के समय पढ़ता हूँ।	-	1. मैं प्रातः काल पढ़ता हूँ।
2. जज ने उसे मृत्यु दण्ड की सजा दी।	-	2. जज ने उसे मृत्यु दण्ड दिया।
3. इसके बाद फिर क्या हुआ ?	-	3. इसके बाद क्या हुआ ?
4. यह कैसे सम्भव हो सकता है ?	-	4. यह कैसे संभव है ?
5. मेरे पास केवल मात्र एक घड़ी है।	-	5. मेरे पास केवल एक घड़ी है।
6. तुम वापस लौट जाओ।	-	6. तुम वापस जाओ।

7. सारे देश भर में यह बात फैल गई।	-	7. सारे देश में यह बात फैल गई।
8. वह सचिवालय कार्यालय में लिपिक है।	-	8. वह सचिवालय में लिपिक है।
9. विन्ध्याचल पर्वत हिमालय से प्राचीन है।	-	9.विन्ध्याचल हिमालय से प्राचीन है।
10. नौजवान युवक युवतियों को आगे आना चाहिए।	-	10. नौजवानों को आगे आना चाहिए।
11. किसी और दूसरे से परामर्श लीजिए।	-	11. किसी और से परामर्श लीजिए।
12. सप्रमाण सहित उत्तर दीजिए।	-	12. सप्रमाण उत्तर दीजिए।
13. गुलामी की दासता बुरी है।	-	13. गुलामी बुरी है।
14. प्रशान्त बहुत सज्जन पुरुष है।	-	14. प्रशान्त बहुत सज्जन है।
15. शायद आज वर्षा अवश्य आयेगी।	-	15. शायद आज वर्षा आयेगी।
16. शायद वह जरूर उत्तीर्ण हो जायेगा।	-	16. वह जरूर उत्तीर्ण हो जायेगा।
17. कृपया शीघ्र उत्तर देने की कृपा करें।	-	17. कृपया शीघ्र उत्तर दें।
18. वह गुनगुने गरम पानी से नहाता है।	-	18. वह गुनगुने पानी से नहाता है।
19. गरम आग लाओ।	-	19. आग लाओ।
20. तुम सबसे सुन्दरतम हो।	-	20. तुम सबसे सुन्दर हो।

2. <u>अनुपयुक्त शब्द के कारण :</u>

वाक्य में अनुपयुक्त शब्द प्रयुक्त हो जाने से भी वाक्य अशुद्ध हो जाता है अतः अनुपयुक्त शब्द हटाकर उस स्थान पर उपयुक्त शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

अशुद्ध वाक्य		शुद्ध वाक्य
1. सीता राम की स्त्री थी।	-	1. सीता राम की पत्नी थी।
2. रातभर गधे भौंकते रहे।	-	2. रातभर कुत्ते भौंकते रहे।
3. कोहिनूर एक अमूल्य हीरा है।	-	3. कोहिनूर एक बहुमूल्य हीरा है।
4. बन्दूक एक शस्त्र है।	-	4. बन्दूक एक अस्त्र है।
5. आकाश में तारे चमक रहे हैं।	-	5. आकाश में तारे टिमटिमा रहे हैं।
6. आकाश में झण्डा लहरा रहा है।	-	6. आकाश में झण्डा फहरा रहा है।
7. उसकी भाषा देवनागरी है।	-	7. उसकी लिपि देवनागरी है।
8. वह दही जमा रही है।	-	8. वह दूध जमा रही है।
9. साहित्य व समाज का घोर संबंध है।	-	9. साहित्य व समाज का घनिष्ठ संबंध है।
10. उसके गले में बेड़ियाँ पड़ गई।	-	10. उसके पैरों में बेड़ियाँ पड़ गई।

11. हाथी पर काठी बाँध दो।	-	11. हाथी पर हौदा रख दो।
12. चिन्ता एक भयंकर व्याधि है।	-	12. चिन्ता एक भयंकर आधि है।
13. गगन बहुत ऊँचा है।	-	13. गगन बहुत विशाल है।
14. वह पाँव से जूता निकाल रहा है।	-	14. वह पाँव से जूता उतार रहा है।
15. कृपया मेरी सौभाग्यवती कन्या के विवाह में पधारें।	-	15. कृपया मेरी सौभाग्याकांक्षिणी कन्या के विवाह में पधारें।
16. उसे अपनी योग्यता पर अहंकार है।	-	16. उसे अपनी योग्यता पर गर्व है।
17. राष्ट्रपति ने पुरस्कार भेंट किए।	-	17. राष्ट्रपति ने पुरस्कार प्रदान किए।
18. कृष्ण ने कंस की हत्या की।	-	18. कृष्ण ने कंस का वध किया।
19. विख्यात आतंकवादी मारा गया।	-	19. कुख्यात आतंकवादी मारा गया।

3. लिंग सम्बन्धी :

वाक्य में प्रयुक्त शब्द के अनुसार उचित लिंग का प्रयोग न होने से भी वाक्य अशुद्ध हो जाता है।

अशुद्ध वाक्य		शुद्ध वाक्य
1. यह एकांकी बहुत अच्छी है।	-	1. यह एकांकी बहुत अच्छा है।
2. मेरे मित्र की पत्नी विद्वान है।	-	2. मेरे मित्र की पत्नी विदुषी है।
3. मीरां एक प्रसिद्ध कवि थी।	-	3. मीरां एक प्रसिद्ध कवयित्री है।
4. बेटी पराये घर का धन होता हैं।	-	4. बेटी पराये घर का धन होती है।
5. सत्य बोलना उसकी आदत था।	-	5. सत्य बोलना उसकी आदत थी।
6. बुआजी आप क्या कर रहे हैं?	-	6. बुआजी आप क्या कर रही हैं?
7. आत्मा अमर होता है।	-	7. आत्मा अमर होती हैं।
8. सेनापति को प्रणाम करनी पड़ती है।	-	8. सेनापति को प्रणाम करना पड़ता है।
9. ब्रह्मपुत्र असम में बहता है।	-	9. ब्रह्मपुत्र असम में बहती है।
10. वह स्त्री नहीं मूर्तिमन्त करुणा हैं।	-	10. वह स्त्री नहीं मूर्तिमयी करुणा हैं।
11. जया एक बुद्धिमान बालिका है।	-	11. जया एक बुद्धिमती बालिका है।
12. उसका ससुराल जयपुर में है।	-	12. उसकी ससुराल जयपुर में है।
13. तूफान मेल तेजी से आ रही है।	-	13. तूफानमेल तेजी से आ रहा है।

6. <u>कारक सम्बन्धी :-</u> वाक्य में प्रयुक्त कारक के अनुसार उचित विभक्ति न लगने से, अनावश्यक विभक्ति लगने से भी वाक्य अशुद्ध हो जाता है।

अशुद्ध वाक्य		शुद्ध वाक्य
1. पाँच बजने को दस मिनट है।	-	1. पाँच बजने में दस मिनट हैं।
2. उसके सिर में घने बाल हैं।	-	2. उसके सिर पर घने बाल हैं।
3. देशभक्त बड़ी बड़ी यातनाओं को सहते हैं।	-	3. देशभक्त बड़ी-बड़ी यातनाएँ सहते हैं।
4. अपने बच्चे चरित्रवान् बनाओ।	-	4. अपने बच्चों को चरित्रवान् बनाओ।
5. दवा रोग को समूल से नष्ट करती है।	-	5. दवा रोग को समूल नष्ट करती है।
6. अपराधी को रस्सी बाँधकर ले गए।	-	6. अपराधी को रस्सी से बाँधकर ले गये।
7. मेरी राय से आप चले जाइए।	-	7. मेरी राय में आप चले जाइए।
8. उसने पत्नी का गला घोंट कर मार डाला।	-	8. उसने पत्नी का गला घोंट डाला।
9. बन्दर पेड़ में बैठे हैं।	-	9. बन्दर पेड़ पर बैठे हैं।
10. सीता घर नहीं है।	-	10. सीता घर पर नहीं है।
11. उसकी दृष्टि चित्र में गड़ी थी।	-	11. उसकी दृष्टि चित्र पर गड़ी थी।
12. उसने न्यायाधीश को निवेदन किया।	-	12. उसने न्यायाधीश से निवेदन किया।
13. आजकल राजनीति में अपराधी करण हो गया है।	-	13. आजकल राजनीति का अपराधी करण हो गया है।
14. वह बाजार में सब्जी लाने गया।	-	14. वह बाजार से सब्जी लाने गया।
15. राम आज स्कूल से अनुपस्थित हैं।	-	15. राम आज स्कूल में अनुपस्थित है।
16. आज संसद में बजट के ऊपर बहस होगी।	-	16. आज संसद में बजट पर बहस होगी।
17. गुरुजी के ऊपर श्रद्धा रखें।	-	17. गुरुजी के प्रति श्रद्धा रखें।
18. यह ग्रंथ विद्वतापूर्ण लिख गया है।	-	18. यह ग्रथ विद्वता से लिखा गया है।
19. जनता ने सैनिकों को उपहार भेजे।	-	19. जनता ने सैनिकों के लिए उपहार भेजे।
20. आम को खूब पका होना चाहिए।	-	20. आम खूब पका होना चाहिए।

7. <u>सर्वनाम सम्बन्धी :</u>

सर्वनाम के सही रूप में प्रयोग न होने से भी वाक्य अशुद्ध हो जाता है।

अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य

1. मैंने आज अजमेर जाना है।	-	1. मुझे आज अजमेर जाना है।
2. तुम तुम्हारा काम करो।	-	2. तुम अपना काम करो।
3. मेरे को सौ रुपये की आवश्यकता है।	-	3. मुझे सौ रुपये की आवश्यकता है।
4. राम थककर उसके घर में सो गया।	-	4. राम थककर अपने घर में सो गया।
5. यह काम तेरे से नहीं होगा।	-	5. यह काम तुझसे नहीं होगा।
6. मैं उनको मिल कर प्रसन्न हुआ।	-	6. मैं उनसे मिलकर प्रसन्न हुआ।
7. सबों ने मान लिया कि पृथ्वी घूमती है।	-	7. सभी ने मान लिया कि पृथ्वी घूमती है।
8. अपन ठीक रास्ते पर हैं।	-	8. हम ठीक रास्ते पर हैं।
9. तेरे को कहाँ जाना है ?	-	9. तुम्हें कहाँ जाना है?
10. मेरे को पता नहीं वह कहाँ गया ?	-	10. मुझे पता नहीं वह कहाँ गया?
11. आपका उत्तर मुझ से अच्छा है।	-	11. आपका उत्तर मेरे उत्तर से अच्छा है।
12. हम हमारी कक्षा में गये।	-	12. हम अपनी कक्षा में गये।
13. हमारे वाला मकान खाली है।	-	13. हमारा मकान खाली है।
14. वह आपको और मुझ को देख कर भाग गया।	-	14. वह आप और मुझे देखकर भाग गया।
15. तुम्हारे से कोई काम नहीं हो सकता।	-	15. तुमसे कोई काम नहीं हो सकता।
16. हमको सबको देश पर मर मिटना है।	-	16. हम सब को देश पर मर मिटना है।
17. पिताजी ने मुझको कहा।	-	17. पिताजी ने मुझे कहा।
18. मेरे को यह रुचिकर नहीं।	-	18. मुझे यह रुचिकर नहीं।
19. आप और मैंने मिलकर यह काम किया।	-	19. आपने और मैंने मिलकर यह काम किया।
20. मेरे को दो निबन्ध लिखने हैं।	-	20. मुझे दो निबन्ध लिखने हैं।

8. <u>क्रिया सम्बन्धी</u> :

सही क्रिया रूप प्रयुक्त न होने पर भी वाक्य अशुद्ध हो जाता है।

अशुद्ध वाक्य		शुद्ध वाक्य
1. मैंने तुम्हारी बहुत प्रतीक्षा देखीं।	-	1. मैंने तुम्हारी बहुत प्रतीक्षा की।
2. यह आप पर निर्भर करता है।	-	2. यह आप पर निर्भर है।
3.सर्वत्र आधुनिकीकरण करना ठीक नहीं।	-	3.सर्वत्र आधुनिकीकरण ठीक नहीं।

4. राम ने गुरुजी से प्रश्न पूछा।	- 4. राम ने गुरुजी से प्रश्न किया।
5. प्रस्तुत पंक्तियाँ 'भाभी' पाठ से ली हैं।	- 5. प्रस्तुत पंक्तियाँ 'भाभी' पाठ से ली गई हैं।
6. आप आम खाके देखों।	- 6. आप आम खाकर देखें।
7. अब तुम जाइये।	- 7. अब तुम जाओ। अब आप जाइये।
8. मेरे नौकर ने नौकरी त्याग दी।	- 8. मेरे नौकर ने नौकरी छोड़ दी।
9. वह क्या करना माँगता है ?	- 9. वह क्या करना चाहता है ?
10. उसने मुझे गाली निकाली।	- 10. उसने मुझे गाली दी।
11. गत रविवार वह जोधपुर जायेगा।	- 11. गत रविवार वह जोधपुर गया।
12. हम रात में भोजन खाते हैं।	- 12. हम रात में भोजन करते हैं।
13. राम को यहाँ आने के लिए बोल दो।	- 13. राम को यहाँ आने के लिए कह दो।
14. तुम्हारे गये पर जया आई थी।	- 14. तुम्हारे जाते ही जया आई थी।
15. नदी पार हो गई।	- 15. नदी पार कर ली गई।
16. बालक मिठाई और दूध पी कर सो गया।	- 16. बालक मिठाई खाकर और दूध पी कर सो गया।
17. गुरु जी ने शिष्य को आशीर्वाद प्रदान किया।	- 17. गुरु जी ने शिष्य को आशीर्वाद दिया।
18. भीतर प्रवेश करना निषेध है।	- 18. प्रवेश निषेध है।
19. गाँधी जी को भुलाया नहीं जा सकता।	- 19. गाँधीजी को भूला नहीं जा सकता।
20. उसने क्या संकल्प लिया ?	- 20. उसने क्या संकल्प किया ?

१. <u>मुहावरे के कारण</u> :

मुहावरे का सही प्रयोग न होने या उसमें पाठान्तर होने से भी वाक्य अशुद्ध हो जाता है।

अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य
1. प्रधानमंत्री ने देश का धुआँधार दौरा किया।	- 1. प्रधानमंत्री ने देश का तूफानी दौरा किया।
2. पानी पीकर नाम पूछना निरर्थक हैं	- 2. पानी पीकर जात पूछना निरर्थक है।
3. प्रेम करना तलवार की नोंक पर चलना है।	- 3. प्रेम करना तलवार की धार पर चलना है।
4. दुश्मनों ने हथियार रख दिये।	- 4. दुश्मनों ने हथियार डाल दिये।
5. आजकल भ्रष्टाचार के बाजार गर्म हैं।	- 5. आजकल भ्रष्टाचार का बाजार गर्म है।
6. चोरी करते पकड़े जाने पर,	- 6. चोरी करते पकड़े जाने पर, उस पर घड़ों पानी पड़ गया।

विश्व भूगोल

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

विश्व का भूगोल

अध्याय – I

भौगोलिक संरचना एवं प्रमुख स्थलाकृतियाँ

- **महाद्वीप एवं महत्वपूर्ण स्थान**

➢ क्षेत्रफल की दृष्टि से ,महाद्वीपो का अवरोही क्रम है – एशिया >अफ्रीका > ,उतरी अमेरिका >,दक्षिण अमेरिका> ,अंटार्कटिका>,यूरोप > ऑस्ट्रेलिया ।

विश्व के प्रमुख द्वीप

नाम	-	स्थिति
ग्रीनलैंड	-	उत्तरी अटलांटिक (डेनिस)
न्यू गिनी	-	दक्षिण-पश्चिम प्रशांत महासागर (आडरियन, जावा इंडोनेशिया का पश्चिमी भाग: पापुआ न्यू गिनी का पूर्वी भाग)
बोर्निओ	-	पश्चिमी मध्य प्रशांत महासागर (इंडोनेशिया का दक्षिणी भाग, ब्रिटिश प्रोटेक्टरेट और मलेशिया का उत्तरी भाग)
मेडागास्कर	-	हिंद महासागर (मलागासी गणतंत्र)
बैफिन	-	उत्तरी अटलांटिक (कनाडा)
सुमात्रा	-	उत्तरी हिंद महासागर (इंडोनेशिया)
होंसु	-	जापान सागर प्रशांत महासागर (जापान)
ग्रेट ब्रिटेन	-	उत्तरी -पश्चिमी यूरोप (इंग्लैण्ड, स्कॉटलैंड और वेल्स)
विक्टोरिया	-	आर्कटिक महासागर(कनाडा)
ईल्समिटे	-	आर्कटिक महासागर (कनाडा)
सेलेबीज	-	पश्चिमी मध्य प्रशांत महासागर(इंडोनेशिया)
दक्षिणी द्वीप	-	दक्षिण प्रशांत महासागर (न्यूजीलैंड)
जावा	-	हिंद महासागर (इंडोनेशिया)
उत्तरी द्वीप	-	दक्षिण प्रशांत महासागर (न्यूजीलैंड)
क्यूबा	-	कैरीबियन सागर (गणतंत्र)
न्यूफाउंडलैंड	-	उत्तरी अटलांटिक (कनाडा)
लूजोन	-	पश्चिम मध्य प्रशांत महासागर (फिलीपींस)
आइसलैंड	-	उत्तरी अटलांटिक महासागर (गणतंत्र)
मिंडनाओ	-	पश्चिमी मध्य प्रशांत महासागर (फिलीपींस)
आयरलैंड	-	उत्तरी अटलांटिक महासागर (दक्षिणी भाग गणतंत्र, उत्तरी भाग ग्रेट ब्रिटेन के अधीन)
क्काइडो	-	जापान सागर - प्रशांत महासागर (जापान)
स्पानियोला	-	कैरीबियन सागर (डोमोनिकन गणतंत्र पूर्वी भाग हैली पश्चिमी भाग)
तस्मानिया	-	ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण में (ऑस्ट्रेलिया)
लंका	-	हिंद महासागर (गणतंत्र)
सखालिन	-	जापान के उत्तर में (रूस) (कराफुटो)
नक्स	-	आर्कटिक महासागर (कनाडा)
वोन	-	आर्कटिक महासागर (कनाडा)
यरा डेल	-	दक्षिण अमेरिका का दक्षिणी छोर फर्यूगो (पूर्वी भाग अर्जेंटीना, पश्चिमी भाग चिली)
सू	-	जापान - सागर- प्रशांत महासागर जापान
लविली	-	आर्कटिक महासागर(कनाडा)

ऐक्जेल हैबर्ग - आर्कटिक महासागर (कनाडा)

साउथेप्टन - हडसन की खाड़ी (कनाडा)

➢ पर्वत (Mountains)

- स्थल का वह भू -भाग जो अपने आस-पास के क्षेत्र से कम से कम 600 मीटर से अधिक ऊंचा हो और जिसका शीर्ष चोटीनुमा तथा पृष्ठ तीव्र ढाल युक्त हो, पर्वत (Mountain) कहलाता है।
- ऐसा उच्च प्रदेश जिसमें विभिन्न काल विभिन्न रीतियों से बनी पर्वतमालाएँ विद्यमान हो, पर्वत-समूह (Cordillera) कहलाता है, जैसे -ब्रिटिश कोलम्बिया का कॉर्डिलेरा।
- जब एक ही प्रकार और एक ही आयु के कई पर्वत लंबी एवं शंकरी पट्टी में फैले होते हैं, तो उसे पर्वत-श्रेणी (Mountain Range) कहा जाता है, जैसे - हिमालय पर्वत- श्रेणी।
- एक ही काल और एक ही प्रकार से बनी अनेक पर्वत- श्रेणियों के समूह को पर्वत - तंत्र (Mountain System) कहते हैं, जैसे - अप्लेशियन पर्वत।

- **उत्पत्ति के आधार पर पर्वत पांच प्रकार के होते हैं,**

1. **वलित पर्वत** (Folded Mountains) पृथ्वी की आंतरिक शक्तियों द्वारा धरातलीय चट्टानों में मोड़ या वलन पड़ने के परिणाम स्वरूप बने हुए पर्वतों को मोड़कर अथवा वलित पर्वत कहा जाता है, जैसे - हिमालय, रॉकीज, आलप्स, यूराल, एण्डीज आदि।

2. **ब्लॉक अथवा भ्रंशोत्थ पर्वत** (Block Mountains)
जब चट्टानों में स्थित भ्रंश के कारण मध्य भाग नीचे की ओर धँस जाता है, तथा अगल-बगल के भाग ऊंचे प्रतीत होते हैं तो वह ब्लॉक पर्वत कहलाते हैं, और बीच के धँसे भाग को रिफ्ट घाटी कहते हैं, जैसे सियरा, नेवादा पर्वत, अल्बर्ट, वासाचरेंज, बार्नर, ब्लैक फॉरेस्ट, वासगेज, साल्ट रेंज आदि।

3. **संग्रहित पर्वत** (Accumulated Mountains) किसी भी साधन द्वारा धरातल पर मिट्टी, कंकड़, पत्थर, बालू आदि का धीरे-धीरे जमाव होने से कालांतर में निर्मित बड़ी पर्वताकार स्थलाकृति को संग्रहित पर्वत कहा जाता है। ऐसे पर्वतों का सर्वप्रमुख रूप से तो ज्वालामुखी उद्गार के समय बनने वाले लावा तथा अन्य जमावों वाले पर्वत ही हैं इन पर्वतों का निर्माण ज्वालामुखीय उद्गार से उत्पन्न पदार्थों से होता है । अतः इन्हें ज्वालामुखी पर्वत भी कहते हैं ;- जैसे शस्ता, रेनियर, हुड, लासेन, पीक, फ्यूजीयामा विसुवियस, एटना, केनिया, पोपोकेटीपल माउंट एकांकागुआ आदि।

4. गुंबदाकार पर्वत (Dome-shaped Mountains) जब पृथ्वी के भीतर का लावा बाहर निकलने की चेष्टा करता है, तो वह धरातल की परतों में फोड़े की तरह उभार पैदा कर देता है, जिससे गुंबदाकार पर्वत बन जाते हैं ;- जैसे हेनरी पर्वत, ब्लैक हिल्स, बिगहान्स आदि।

5. **अवशिष्ट पर्वत** (Erosion or Relict Mountains) यह पर्वत चट्टानों के अपरदन के फलस्वरूप निर्मित होते हैं ; जैसे - अरावली, सतपुड़ा, महादेव, अप्लेशियन ऑजार्क, गैसिफ, कैटस्किल, पारसनाथ, विंध्यांचल, पश्चिमी घाट।

विश्व के प्रमुख पर्वत – शिखर			
क्र.स.	**नाम**	**देश**	**ऊंचाई (मीटर में)**
1.	एवरेस्ट	नेपाल	8,848
2.	के2(गॉडविन ऑस्टिन)	भारत	8,611
3.	कंचनजंगा	नेपाल - भारत	8,598
4.	लहात्से	नेपाल	8,501
5.	मकालू	नेपाल-चीन	8,475

6.	धौलागिरी	नेपाल	8,172
7.	नंगा पर्वत	भारत	8,126
8.	अन्नपूर्णा	नेपाल	8,078
9.	ग्रेशरब्रम	भारत(पाक अधिकृत)	8,068
10	गोसांई थान	चीन	8,018
11.	नंदादेवी	भारत	7,817
12.	राकापोशी	भारत(पाक अधिकृत)	7,788
13.	कामेट	भारत-चीन	7,756
14.	नाम्चावर्वा	चीन	7,756
15.	गुर्लमान्धाता	चीन	7,728
16.	तिरिचमीर	पाकिस्तान	7,728

क्र. सं	पर्वत	स्थिति
	A. वलित पर्वत Folded Mountains	
1.	हिमालय	एशिया
2.	आल्पस	यूरोप
3.	रॉकी	उत्तरी अमेरिका
4.	एण्डीज	दक्षिणी अमेरिका
5.	यूराल	एशिया-यूरोप
6.	एप्लेशियन	उत्तरी अमेरिका
7.	त्यानशान	एशिया (रूस)
8.	नॉन-शान	एशिया (चीन)
9.	सयान	रूस (एशिया)
10.	स्टेनोबाई	रूस (एशिया)
11.	अरावली	भारत (एशिया)
12.	विंध्याचल	भारत (एशिया)
	B. ब्लॉक पर्वत Block Mountains	
1.	सियरा नेवादा	उत्तरी अमेरिका
2.	एल्बर्ट	उत्तरी अमेरिका
3.	वासाच रेंज	उत्तरी अमेरिका
4.	बार्नर	उत्तरी अमेरिका
5.	ब्लैक फारेस्ट	जर्मनी (यूरोप)
6.	वासगेज	फ्रांस (यूरोप)
7.	साल्ट रेंज	पाकिस्तान (एशिया)
	C. गुम्बदाकार पर्वत Dome Shaped Mountains	
1.	हेनरी पर्वत	संयुक्त राज्य अमेरिका
	D. संगृहीत पर्वत Accumulated Mountains	
1.	शस्ता	संयुक्त राज्य अमेरिका
2.	रेनियर	संयुक्त राज्य अमेरिका
3.	हुड	संयुक्त राज्य अमेरिका
4.	लासेन पीक	संयुक्त राज्य अमेरिका
5.	फ्यूजीयामा	जापान
6.	विसूवियस	इटली
7.	एटना	इटली
8.	मैथान	फिलीपींस
9.	पोपो केटीपीटल	मैक्सिको
10.	माउण्ट एकांकागुआ	चिली

E. अवशिष्ट पर्वत Erosion on Relict Mountains

1. महादेव भारत (एशिया)
2. अरावली भारत (एशिया)
3. सतपुड़ा भारत (एशिया)

विश्व की प्रमुख पर्वत श्रेणियाँ

क्र.सं.	नाम	स्थिति	सर्वोच्च बिन्दु	ऊँचाई (मी)	लम्बाई (किमी)
1.	कार्डिलेरा डिलौंस एण्डीज	पश्चिमी - दक्षिणी अमेरिका	एकांकागुआ	6,960	7,200
2.	रॉकी पर्वत श्रेणी	पश्चिमी - उत्तरी अमेरिका	माउण्ट एल्बर्ट	4,400	4,800
3.	हिमालय कराकोरम हिन्दुकुश	दक्षिणी - मध्य एशिया	माउण्ट एवरेस्ट	8,850	3,800
4.	ग्रेट डिवाइडिंग रैंज	पूर्वी ऑस्ट्रेलिया	कोस्यूको	2,228	3,600
5.	ट्रांस अण्टार्कटिका पर्वत	अण्टार्कटिका	माउण्ट किर्कपैट्रिक	4,529	3,500
6.	ब्राजीलियन एटलांटिक तटीय श्रेणी	पूर्वी ब्राजील	पिको डिवैण्डेरियो	2,890	3,000
7.	पश्चिमी सुमात्रा-जावा श्रेणी	प० सुमात्रा तथा जावा	केरिण्टजी	3,805	2,900
8.	एल्यूशियन रैंज	अलास्का तथा उ० प० प्रशांत महासागर	शिशैल्डिन	2,861	2,650
9.	तियेन शान	दक्षिणी मध्य एशिया	पीके पोबेडा	7,439	2,250

			इसकी औसत ऊँचाई 3,110 मीटर है।
10.	मेसेटा का पठार	स्पेन का आइबेरियन प्रायद्वीप पर मसेटा का पठार स्थित है।	610 मीटर औसत ऊँचाई
11.	तिब्बत का पठार	मध्य एशिया में (हिमालय के उत्तर और क्युनलुन पर्वत के दक्षिण में स्थित है।	4000 से 5000 मीटर तक की ऊँचाई
12.	मंगोलिया का पठार	उत्तरी मध्य चीन तथा मंगोलिया गणराज्य में स्थित है।	
13.	यूनान का पठार (इंडोचाइना का पठार)	म्यांमार का शान प्रदेश चीन, एवं वियतनाम	
14.	ईरान का पठार (एशिया माइनर का पठार)	ईरान	900 से 1500 मीटर औसत ऊँचाई
15.	अरब का पठार	दक्षिण-पश्चिम एशिया में स्थित है इसके पूर्व में फारस की खाड़ी, पश्चिम में लाल सागर, उत्तर-पश्चिम में भूमध्य सागर, और दक्षिण में अरब सागर स्थित है।	
16.	टर्की का पठार (अनातोलिया का पठार)	टर्की	
17.	दक्षिण का पठार (प्रायद्वीप भारतीय का पठार)	दक्षिण भारत	1200 मी से अधिक ऊँचाई (केंद्रीय भारत को छोड़कर)
18.	एबीसीनिया का पूर्वी पठार (इथियोपिया का पठार)	पूर्वी अफ्रीका, इथियोपिया एवं सोमालिया में विस्तृत)	-
19.	दक्षिण अफ्रीका का पठार	दक्षिण अफ्रीका का केप प्रांत, नेटाल तथा वसूतोलैंड	
20.	मालगासी का पठार (मेडागास्कर का पठार)	संपूर्ण मेडागास्कर द्वीप का मध्यवर्ती भाग	1000 से 1500मी. औसत ऊँचाई
21.	ऑस्ट्रेलिया का पठार	ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप का लगभग आधा पश्चिम भाग	1200मी. तक ऊँचा

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

- **मैदान (Plains)**

❖ भूपटल पर निचले और समतल क्षेत्र को मैदान (Plain) कहा जाता है।

❖ ऊँचाई की दृष्टि से मैदान समुद्रतल से 150 मीटर तक ऊँचे भू-भाग हैं।

❖ स्थिति के आधार पर मैदान दो प्रकार के होते हैं

I. **तटीय मैदान** (Coastal Plain) सागर तटों के निकट के मैदान तटीय मैदान कहलाते हैं। फ्लोरिडा के मैदान और भारत के पूर्वी तटीय मैदान इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

I. **आंतरिक मैदान** (Interior Plain) महाद्वीपों के आंतरिक भाग में पाए जाने वाले मैदान को

आंतरिक मैदान कहा जाता है। यूरोप का मैदान इसका प्रमुख उदाहरण है।

❖ प्रो. फिंच एवं ट्रिवार्थ ने मैदानों को रचना के आधार पर चार वर्गों में बाँटा है।

1. **समतल मैदान** यह मैदान सपाट और विस्तृत होते हैं। इनकी ऊँचाई सामान्यतः 15 मी. होती है, इन्हें समतल मैदान कहते हैं।
2. **विच्छेदित मैदान** 50 से 100 मीटर की ऊंचाई के मैदान अनाच्छादन द्वारा कट फटकर उबड़- खाबड़ से हो जाते हैं, जिन्हें विच्छेदित मैदान कहते हैं।
3. **असमतल मैदान** 1.5 से 50 मीटर ऊंचाई के मैदान जिनके धरातल सपाट तथा विस्तृत होते हैं, इन्हें असमतल मैदान या तरंगित मैदान कहते हैं।
4. **लहरदार मैदान** 50 से 100 मीटर की ऊंचाई के मैदान, जिनकी सतह ना होकर विषम होती है तथा उनके मध्य में छोटे-बड़े टीले भी विस्तृत होते हैं, इन्हें लहरदार मैदान का बेलानी मैदान कहते हैं।

❖ निक्षेपण के आधार पर मैदानों के निम्नलिखित प्रकार हैं -

1. **नदी द्वारा निक्षेपण से बने मैदान** नदियाँ अपने अपरदन चक्र को अंतिम अवस्था में स्थलखंड को काटकर अपने आधार तल को प्राप्त कर लेती हैं, इस तरह से निर्मित मैदान को समतल (समप्राय) मैदान कहा जाता है। इन्हें निम्नलिखित तीन भागों में बाँट सकते हैं (i) गिरिपाद जलोढ़ मैदान, (ii) बाढ़ मैदान तथा (iii) डेल्टा का मैदान।
2. **पवन द्वारा निक्षेपण से बने मैदान** मरुस्थलीय भागों में तेज गति की हवाएँ कणों व रेत को उड़ाकर अन्यत्र जमा करती हैं। कालांतर में चट्टानी भाग घिसकर मैदान के रूप में बदल जाते हैं। इस प्रकार के बने मैदान मरुस्थलीय मैदान कहलाते हैं अफ्रीका के सहारा व भारत के थार मरुस्थलों में ऐसे मैदानों के उदाहरण मिलते हैं। लोयस के मैदान मरुस्थलों से दूर बनते हैं। तीव्र गति की पवनें मिट्टी के कणों को उड़ाकर अधिक दूर तक ले जाती हैं, जहाँ पर उनकी गति मंद पड़ जाती है, वहीं पर इन पदार्थों का निक्षेपण होने लगता है, जिसे लोयस का मैदान कहते हैं।
3. **हिमानी द्वारा निक्षेपित मैदान** हिमनदी या हिमानी द्वारा मलबे के निक्षेपण से बने मैदानों को हिमानीकृत मैदान कहते हैं। इस प्रकार के मैदान कनाडा, फिनलैंड और स्वीडन में हैं।
4. **कार्स्ट मैदान** यह चूने के पत्थर की चट्टानों के घुलने से निर्मित होते हैं। भारत में चित्रकूट और रामगढ़ उनके प्रमुख उदाहरण हैं।

- **मैदान के प्रकार**

- **मैदान के प्रकार**

क्र. सं.	मैदान के प्रकार	निर्माण स्थल	उदाहरण
1.	कार्स्ट मैदान	चूने के प्रदेशों में	सर्बिया एवं मांटेनेग्रो
2.	हिम अपरदित मैदान	हिमानी प्रदेशों में	कनाडा, फिनलैंड, स्वीडन
3.	जलोढ़ मैदान	नदियों के मैदानी भाग में	सिंधु-गंगा का मैदान, मिसिसिपी का मैदान, नील का मैदान, डेन्यूब का मैदान, ह्वांगहो या यांगटीसी का मैदान
4.	बद्रड मृत्तिका मैदान	हिमानी के निक्षेपण स्थल	न्यू इंग्लैंड प्रदेश
5.	लोएस का मैद	वायु के निक्षेपण स्थल	उत्तरी चीन

6.	तटीय मैदान	महाद्वीपीय मग्न तट	भारत का कोरोमंडल तट, सं. रा. अमेरिका में फ्लोरिडा का मैदान
7.	समतल मैदान सम्प्राय मैदान	अपरदन द्वारा ऊँचे भू-भागों के घिसनें से	मध्य रूस का मैदान, पेरिस बेसिन
8.	झीलों के मैदान	झील के पेटे के उत्थान एवं झील के जल के सूखने से	नीदरलैंड का मैदान

विश्व के प्रमुख मैदान

क्र. सं.	नाम	स्थिति
1.	मध्यवर्ती बड़ा मैदान	कनाडा तथा संयुक्त राज्य अमेरिका
2.	अमेजन का मैदान	दक्षिणी अमेरिका
3.	पेंटागोनिया का मैदान	दक्षिणी अमेरिका
4.	पम्पास का मैदान	दक्षिणी अमेरिका
5.	फ्रांस का मैदान	फ्रांस (यूरोप)
6.	यूरोप का बड़ा मैदान	यूरोप
7.	द. साइबेरिया का मैदान	यूरोप एवं एशिया
8.	सहारा का मैदान	अफ्रीका
9.	नील नदी का मैदान	मिस्र (अफ्रीका)
10.	अफ्रीका का पूर्वी तटीय मैदान	अफ्रीका
11.	अफ्रीका का पश्चिमी तटीय मैदान	अफ्रीका
12.	मलागासी का मैदान	मलागासी
13.	गंगा-यमुना का मैदान	भारत
14.	सिंधु का मैदान	भारत-पाकिस्तान
15.	ब्रह्मपुत्र का मैदान	भारत-बांग्लादेश
16.	अरब का मैदान	सऊदी अरब
17.	चीन का मैदान	चीन
18.	ऑस्ट्रेलिया का पूर्वी मैदान	ऑस्ट्रेलिया

अध्याय – 2

प्रमुख नदियाँ एवं झीलें

नदियाँ -

- जिस स्थान पर नदी जन्म लेती है, उसे नदी का उद्गम स्थान कहा जाता है।
- जिस स्थान पर नदी सागर या किसी बड़ी झील में जाकर गिरती है, उसे नदी का मुख या मुहाना कहते हैं।
- जिस मार्ग से नदी की धारा गुजरती है, उसे नदी घाटी कहा जाता है।
- नदी घाटी के विकास में जब सहायक नदियाँ मुख्य नदी से आकर मिलती है तो अपवाह बेसिन (Drainage System) का निर्माण होता है।
- दो अपवाह बेसिनों के बीच के उच्च भाग को जल विभाजक (Watershed or Water Divider) कहते हैं।
- भारत की पश्चिमी घाट की पर्वत श्रेणी जल-विभाजक का काम करती है ।
  - क्योंकि इसके पूर्व में बहने वाली नदियाँ बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं, जबकि पश्चिम में बहने वाली नदियाँ अरब सागर में गिरती हैं।
- वह क्षेत्र, जिसमें से होकर नदी बहती है और जल ग्रहण करती है, नदी का अपवाह क्षेत्र (Catchment Area) कहलाता है।
- प्रारंभिक भौतिक ढ़ाल पर बहने वाली नदी को अनुवर्ती नदी (Conseqment Stream) कहते हैं।
- अनुवर्ती नदी में मिलने वाली सहायक नदी को परवर्ती नदी कहते हैं।
- ऑक्सीजन द्वारा शैलों पर होने वाले प्रभाव को ऑक्सीकरण कहते हैं।
- जब जल में घुला हुआ कार्बन चट्टानों पर प्रभाव डालता है तो उसे कार्बोनीकरण कहा जाता है।
- जब हाइड्रोजन जल में मिलकर चट्टानों का अपक्षय करती है तो इसे जलयोजन (Hydration) कहते हैं।
- भारत में सिन्धु नदी द्वारा सिन्धु गार्ज, सतलज नदी द्वारा शिपकी-ला गार्ज तथा ब्रह्मपुत्र नदी द्वारा कोरबा गार्ज का निर्माण हुआ है।
- सं. रा. अमेरिका में कोलोरेडो नदी के शुष्क पठार पर कोलोरेडो नदी द्वारा निर्मित कोलोरेडो कैनियन विश्व में सबसे अधिक प्रसिद्ध कैनियन है।
- भेड़ा गार्ज (भेड़ा घाट, जबलपुर) भारत का सबसे बड़ा संगमरमर का गार्ज है।
- भारत में कर्नाटक राज्य में शरावती नदी पर स्थित जोग या गरसोप्पा जल प्रपात 260 मीटर की ऊँचाई से गिरता है।
- हुंडरू जलप्रपात स्वर्णरेखा नदी पर स्थित है।
- कपिलधारा जलप्रपात मध्य प्रदेश के अनुपुर जिले में नर्मदा नदी पर स्थित है। शिवसमुद्रम जलप्रपात कर्नाटक के माण्ड्या जिले में कावेरी नदी पर अवस्थित है।

विश्व की प्रमुख झीलें नदियाँ

नाम	उद्गम स्थान	गिरने का स्थान	लम्बाई (किमी.
1. नील	विक्टोरिया झील (बुरुंडी)	भूमध्य सागर	6,690
2. अमेजन	लैंगो विलफेरो	अटलांटिक महासागर	6,296
3. मिसीसिपी-मिसौरी	रेड रॉक स्रोत (अमेरिका)	मैक्सिको की खाड़ी	6,240
4. यांग्सी	तिब्बत का पठार	चीन सागर	5,797
5. ओबे	अल्टाई पर्वत	ओब की खाड़ी	5,567
6. ह्वांगहो	क्युनलुन पर्वत	चिहिल की खाड़ी	4,667
7. येनिसी	सान्यु-ओला पर्वत	आर्कटिक महासागर	4,506

8. काँगो	लूआलया व लआपूला के संगम	अटलांटिक महासागर	4,371
9. आमूर	शिल्का रूस आरगून के संगम	टार्टर स्ट्रेट	4,352
10. लीना	बेकाल पर्वत (रूस)	आर्कटिक महासागर	4,268
11. मेकेंजी	फिनले नदी के मुहाने से	ब्यूफोर्ट सागर	4,241
12. नाइजर	गिनी (अफ्रीका)	गिनी की खाड़ी	4,184
13. मीकांग	तिब्बत के पठार	दक्षिणी चीन सागर	4,023
14. वोल्गा	ब्लडाई पठार (रूस)	कैस्पियन सागर	3,687
15. सैन फ्रांसिस्को	द. मिनास गिटेस (ब्राजील)	अन्ध महासागर	3,198
16. सेंट लारेंस	आण्टोरियो झील	सेंट लारेंस की खाड़ी	3,058
17. ब्रह्मपुत्र	मानसरोवर झील	बंगाल की खाड़ी	2,900
18. सिन्धु	मानसरोवर झील के पास	अरब सागर	2,880
19. डेन्यूब	ब्लैक फॉरेस्ट (जर्मनी)	काला सागर	2,842
20. फरात	कारासुन व मूरत नेहरी संगम	शत-अल-अरब	2,799
21. डार्लिंग	ऑस्ट्रेलिया	मर्रे नदी	2,789
22. मरे	आस्ट्रेलियन आल्प्स से	हिन्द महासागर	2,589
23. नेलसन	बो नदी का ऊपरी भाग	हडसन की खाड़ी	2,575
24. पराग्वे	मांटोग्रोसो (ब्राजील)	पेराना नदी	2,549
25. यूराल	द. यूराल पर्वत (रूस)	कैस्पियन सागर	2,533
26. गंगा	गोमुख हिमानी से	बंगाल की खाड़ी	2,525
27. आमू-दरिया	निकोलस श्रेणी (पामीर)	अरल सागर	2,414
28. साल्विन	तिब्बत क्युलुन पर्वत के दक्षिण	मर्तावान की खाड़ी	2,414
29. अरकन्सास	मध्य कोलोरेडो	मिसीसिपी नदी	2,348
30. कोलोरेडो	ग्रैंड कण्ट्री	कैलीफोर्निया की खाड़ी	2,333
31. नीपर	ब्लडाई पर्वत (रूस)	काला सागर	2,284
32. ओहियो	पोटरकन्ट्री (पेन्सिलवानिया)	मिसीसिपी नदी	2,102
33. इरावदी	माली और नामी नदी का संगम	बंगाल की खाड़ी	2,092
34. ओरेंज	लिसोथो	अटलांटिक महासागर	2,092
35. ओरीनीको	सिएरापरिमा पर्वत	अटलांटिक महासागर	2,062
36. कोलम्बिया	कोलम्बिया झील (कनाडा)	प्रशान्त महासागर	1,983
37. डोन	टूला (रूस)	अजोब सागर	1,968

38. टिगरिस	टॉरस पर्वत (टर्की)	शत-अल-अरब	1,899

➢ **नदियों के किनारे बसे प्रमुख नगर**

क्र.सं.	**नदी**
1. बगदाद (इराक)	टाइग्रिस
2. बर्लिन (जर्मनी)	स्त्री
3. पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)	स्वान
4. वारसा (पोलैण्ड)	विस्चुला
5. अस्वान (मिस्र)	नील
6. सेंट लुईस (अमेरिका)	मिसीसिपी
7. रोम (इटली)	टाइबर
8. लन्दन (इंग्लैंड)	टेम्स
9. पेरिस (फ्रांस)	सीन
10. मास्को (रूस)	मोस्कावा
11. प्राग (चेक गणराज्य)	विंतावा
12. बोन (जर्मनी)	राइन
13. खारतूम (सूडान)	नील
14. काहिरा (मिस्र)	नील
15. ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)	लाप्लाटा
16, अंकारा (टर्की)	किजिल
17. डुंडी (स्कॉटलैण्ड)	टे
18. लीवरपुल (इंग्लैंड)	मर्सी
19. कोलोन (जर्मनी)	राइन
20. माण्ट्रियल (कनाडा)	सेंट लॉरेंस
21. सिडनी (ऑस्ट्रेलिया)	डार्लिंग
22. बेलग्रेड (सर्बिया)	डेन्यूब
23. बुडापेस्ट (हंगरी)	डेन्यूब
24. वाशिंगटन (सं. रा. अ.)	पोटोमेक
25. वियाना (आस्ट्रिया)	डेन्यूब
26. टोकियो (जापान)	अराकावा
27. शंघाई (चीन)	यांगटिसीक्यांग
28. यांगून (म्यांमार)	इरावदी
29. ओटावा (कनाडा)	सेंट लॉरेंस
30. न्यूयॉर्क (सं. रा. अ.)	हडसन
31. मैड्रिड (स्पेन)	मैंजेनसेस
32. लिस्बन (पुर्तगाल)	टंगस
33. डबलिन (आयरलैण्ड)	लीफे
34. चटगाँव (बांग्लादेश)	कर्णफुली
35, हैम्बर्ग (जर्मनी)	एल्ब
36. शिकागो (अमेरिका)	शिकागो
37. ब्रिस्टल (इंग्लैंड)	एवन्
38, बसरा (इराक)	शत अल अरब
39. क्यूबेक (कनाडा)	सेंट लॉरेंस
40. लेलिनग्राड (रूस)	नेवा

विश्व के प्रमुख जल - प्रपात

प्रिय दोस्तों, अब तक हमारे नोट्स में से अन्य परीक्षाओं में आये हुए प्रश्नों के परिणाम देखने के लिए क्लिक करें -

RAS PRE. - https://www.youtube.com/watch?v=p3_i-3qfDy8&t=1253s

VDO PRE. - https://www.youtube.com/watch?v=gXdAk856WI8&t=202s

Patwari - https://www.youtube.com/watch?v=X6mKGdtXyu4&t=2s

PTI 3rd grade - https://www.youtube.com/watch?v=iA_MemKKgEk&t=5s

- RAS Pre. 2021 की परीक्षा में हमारे नोट्स में से 74 प्रश्न आये थे , जबकि cutoff मात्र 64 प्रश्न पर गयी थी /
- दोस्तों, राजस्थान SI 2021 (15 सितम्बर) की परीक्षा में हमारे नोट्स में से पेपर - I & 2 में 200 प्रश्नों में से 126 प्रश्न आये थे, cutoff से ज्यादा /

अन्य रिजल्ट -

EXAM (परीक्षा)	DATE	हमारे नोट्स में से आये हुए प्रश्न
RAS PRE. 2021	27 अक्तूबर	74 प्रश्न आये
SSC GD 2021	16 नवम्बर	68 (100 में से)
SSC GD 2021	30 नवम्बर	66 (100 में से)
SSC GD 2021	08 दिसम्बर	67 (100 में से)
राजस्थान S.I. 2021	14 सितम्बर	119 (200 में से)
राजस्थान S.I. 2021	15 सितम्बर	126 (200 में से)

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO
FREE SAMPLE

RAJASTHAN PATWARI 2021	23 अक्तूबर (1st शिफ्ट)	79 (150 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	23 अक्तूबर (2nd शिफ्ट)	103 (150 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	24 अक्तूबर (2nd शिफ्ट)	91 (150 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	27 दिसंबर (1st शिफ्ट)	59 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	27 दिसंबर (2nd शिफ्ट)	61 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	28 दिसंबर (2nd शिफ्ट)	57 (100 में से)
U.P. SI 2021	14 नवम्बर 2021 1st शिफ्ट	91 (160 में से)
U.P. SI 2021	21नवम्बर2021 (1st शिफ्ट)	89 (160 में से)

& Many More Exams like UPSC, SSC, Bank Etc.

FREE SAMPLE

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

नोट्स खरीदने के लिए इन लिंक पर क्लिक करें

Whatsapp - https://wa.link/nr1tcz

Online order - https://cutt.ly/o0zXjbh